प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 18.06.2026

थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा साइबर फ्रॉड में ठगी गई 80,905 ₹ की धनराशि वापस कराई गई।

साइबर सेल, थाना कोतवाली नगर, गाजियाबाद की टीम द्वारा आवेदक रवि प्रसाद त्रिवेदी निवासी हिन्द नगर, गाजियाबाद के साथ दिनांक 03.06.2026 को हुए साइबर फ्रॉड में ठगी गई 80,905 ₹ की धनराशि आवेदक को वापस कराई गई ।

कार्रवाई का विवरण:

साइबर क्राइम अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्रवाई के परिणामस्वरूप, साइबर सेल, थाना कोतवाली नगर, गाजियाबाद को NCRP पोर्टल के माध्यम से आवेदक रवि प्रसाद त्रिवेदी के साथ ऑनलाइन ठगी से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई थी। इस पर साइबर सेल, थाना कोतवाली नगर, कमिश्नरेट गाजियाबाद की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन ठगी की धनराशि के संबंध में संबंधित बैंक से पत्राचार व अथक प्रयासों के बाद दिनांक 18.06.2026 को आवेदक के साथ हुए साइबर फ्रॉड की ₹80,905 की धनराशि वापस कराई गई। आवेदक द्वारा थाना कोतवाली नगर आकर थाना प्रभारी महोदय एवं साइबर पुलिस टीम का आभार प्रकट किया गया।

कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम:

साइबर सेल टीम, थाना कोतवाली नगर।

थाना लिंकरोड पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गैंग के 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की गयी 02 चार पहिया वाहन बरामद।

कार्यवाही का विवरण:- दिनांक 06-06-2026 को वादी श्री श्यामबीर नि0 सूर्यनगर थाना लिंकरोड गाजियाबाद ने थाने आकर एक लिखित तहरीर दी और बताया कि मेरी गाडी स्विफ्ट गाडी नंम्बर DL-12-CS-7174 रंग ग्रे (स्लेटी) अपने घर A-39 रामपुरी (सूर्यनगर) के सामने शाम 4 जून 2026 को खडी करी थी परन्तु सुबह 05 जून 2026 को वह अपने स्थान पर नही थी. किन्ही अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना लिंकरोड पर धारा 303(2) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसके क्रम में दिनांक 17.06.2026 को थाना लिंकरोड पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान दो अभियुक्त गण को गिरफ्तार किया गया, जिसने अपना नाम 1. कमरयाब पुत्र सत्तार नि0 ग्रा0 सफियाबाद लोटी थाना मुंडारी जनपद मेरठ उम्र करीब 50

वर्ष 2. सहदेव पुत्र सुखदेव हाल नि0 गली नं0 04 म0नं0 106/118 दौलतपुरा कोठगांव थाना कोतवाली नगर, गाजियाबाद मूल नि0 ग्रा0 मनझौल थाना चेरिया बरियारपुर जनपद बेगूसराय, बिहार उम्र करीब 39 वर्ष बताया तथा अभियुक्त कासिम नि0 सफियाबाद लोटी जनपद मेरठ मौके से फरार हो गया। मौके से ही अभि0 गण के कब्जे से 02 चार पहिया वाहन /कार मार्का मारुति स्विफ्ट व मारुति अरटिगा (दिल्ली राज्य से चोरी) बरामद हुई। अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 317(2)/3(5) बीएनएस बढोत्तरी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण:- गिरफ्तार अभियुक्त कमरयाब व सहदेव ने पूछताछ के दौरान बताया कि साहब यह दोनो गाड़ियां चोरी की है, जिसमें से स्विफ्ट गाड़ी को हम तीनों ने लगभग 10-11 दिन पहले रामपुरी, गाजियाबाद में वादी के घर के बाहर से तथा दूसरी अरटिगा गाड़ी को 08-09 दिन पहले यमुना विहार दिल्ली से चोरी किया था। गाड़ियों की रजि नं0 प्लेट के बारे में पूछे जाने पर बताया कि वह हमने पकड़े जाने के डर से उतारकर रास्ते में फेंक दी थी। पकड़े गये दोनों व्यक्तियों से गाडी के रजि0 सं0 के बारे में पूछा गया तो बताया कि साहब स्विफ्ट गाड़ी का रजि0 सं0 DL 12CS 7174 व अरटिगा गाड़ी का रजि0 सं0 DL 5CS 0523 है। दोनों गाड़ियों के नम्बरों को मोबाइल में वाहन चालान एप में चैक किया गया तो वाहन रजि0 नं0 DL 12 CS 7174 का चेसिस नं0 MBHCZC63SLG603386, इंजन नम्बर K12MP1227425 ज्ञात हुआ, व वाहन रजि0 नं0 DL 5CS 0523 का चेसिस नं0 MA3BNC32SLK281308, इंजन नम्बर K15BN9070388 सही ज्ञात हुआ। बरामद गाड़ियों के सम्बन्ध में अधिक सख्ती से पूछने पर पकड़े गये व्यक्तियों ने बताया कि साहब हमसे गलती हो गयी हमें माफ कर दो। हमने यह गाड़ियां पैसों की कमी व कर्जे के चलते चोरी कर ली थीं। जिसमें से हम तीनों लोग स्विफ्ट गाड़ी को नूर कमर उर्फ लंगड़ा नि0 थाना कोतवाली नगर जनपद सहारनपुर, जिसकी डिजायर गाड़ी रजि0 सं0 UK 07BX 1383 का इस्तेमाल कर हम तीनों ने रामपुरी से स्विफ्ट गाड़ी को चोरी किया था। तथा अरटिगा जिसे हमने दिल्ली से चुराया था को हसीन नि0 ग्रा0 खजूरी थाना किला परीक्षितगढ़ जनपद मेरठ को बेचने जा रहे थे तो आपने पकड़ लिया। नूर कमर उर्फ लंगड़ा व हसीन हमारी गैंग के ही सदस्य हैं जिन्हें हम पहले भी चोरी की गाड़ियां बेचते थे।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः-

1. कमरयाब पुत्र सत्तार नि0 ग्रा0 सफियाबाद लोटी थाना मुंडारी जनपद मेरठ उम्र करीब 50 वर्ष
2. सहदेव पुत्र सुखदेव हाल नि0 गली नं0 04 म0 नं0 106/118 दौलतपुरा कोठगांव थाना कोतवाली नगर, गाजियाबाद मूल नि0 ग्रा0 मनझौल थाना चेरिया बरियारपुर जनपद बेगूसराय, बिहार उम्र करीब 39 वर्ष।
3. कासिम नि0 ग्रा0 सफियाबाद लोटी मेरठ (वांछित/ फरार)।
4. नूर कमर उर्फ लंगड़ा नि0 थाना कोतवाली नगर जनपद सहारनपुर (वांछित/फरार)।
5. हसीन नि0 ग्रा0 खजूरी थाना किला परीक्षितगढ़ जनपद मेरठ (वांछित/ फरार)।

बरामदगी का विवरणः

- चोरी की 02 चार पहिया कार /वाहन बरामद।

गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहासः-

1. अभियुक्त कमरयाब उपरोक्त के विरुद्ध दिल्ली, मेरठ व गाजियाबाद में चोरी करने व चोरी का माल बरामद होने के सम्बन्ध में करीब एक दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत है।

2. सहदेव उपरोक्त के विरुद्ध गाजियाबाद, नोएडा व दिल्ली एनसीआर में में चोरी करने व चोरी का माल बरामद होने के सम्बन्ध में करीब तीन दर्जन अभियोग पंजीकृत है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

थाना लिंकरोड पुलिस टीम ।